SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Mahilong, Ranchi

# STD IV

# हिंदी

(Copy Work)

# पत्र - लेखन (औपचारिक- पत्र)

गाड़ी के प्रबंध के लिए प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखें।

सेवा में
प्रधानाचार्या
सरला बिरला पब्लिक स्कूल
महिलौंग, राँची।

महोदया
सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में चौथी कक्षा का/की छात्र/ छात्रा हूँ। मेरा घर विद्यालय से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर है। पैदल चलकर आने में असुविधा रहती है तथा कभी-कभी विद्यालय पहुँचने में देर भी हो जाती है। वर्षा होने पर विद्यालय पहुँचना असंभव सा हो जाता है।

महोदया मेरे मोहल्ले में विद्यालय द्वारा भेजी हुई दो गाड़ियाँ आती हैं। गाड़ी में बैठने का स्थान भी है। अतः आपसे प्रार्थना है कि आप मुझे गाड़ी द्वारा विद्यालय आने की आज्ञा प्रदान करें।
आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद
आपका आज्ञाकारी छात्र / आपकी आज्ञाकारिणी छात्रा
नाम -
कक्षा -
दिनांक -

(copy work)

# पत्र -लेखन (अनौपचारिक-पत्र)

दादा जी को अपना परीक्षाफल बताते हुए पत्र लिखें।

एफ - 359, रातू रोड
राँची
14 नवम्बर 2021

आदरणीय दादा जी
सादर प्रणाम
हम सब यहाँ पर कुशल हैं। आशा करता/करती हूँ कि आप भी वहाँ कुशल होंगे। दादा दी, आपको जानकर खुशी होगी कि अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल में पूरी कक्षा में मेरे सर्वाधिक अंक आए हैं। माता-पिता जी ने मुझे वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एक साइकिल देने का वादा भी किया है। मैं बहुत खुश हूँ और आपसे वादा करता/करती हूँ कि वार्षिक परीक्षा में इसी तरह अच्छे अंक लाऊंगा/लाऊँगी एवं प्रथम स्थान प्राप्त करूँगा/करूँगी।

मेरी ओर से दादी जी को प्रणाम।

आपका पोता / आपकी पोती
राघव / स्नेहा

## आओ दोहराएँ

- हिंदी भाषा में हम जैसा बोलते हैं, वैसा ही लिखते हैं।
- शुद्ध उच्चारण द्वारा भाषा की अशुद्धियों को दूर किया जा सकता है।
- अशुद्धियाँ दो प्रकार की होती हैं—वर्तनी की अशुद्धियाँ, वाक्यों की अशुद्धियाँ।

# आओ करें

### ज़रा बताइए तो

- भाषा की अशुद्धियाँ क्यों होती हैं?
- अशुद्धियाँ कौन-कौन सी होती हैं?

### आइए, अब लिखें

BOOK WORK

1. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए—

(क) परिक्षा परीक्षा

(ख) स्वस्थ्य स्वास्थ्य

(ग) दिवार दीवार

(घ) किरन किरण

(ङ) कवियत्री कवयित्री

(च) ग्रहकार्य गृहकार्य

BOOK WORK

2. शुद्ध वर्तनी पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

| | | |
|---|---|---|
| (क) श्रीमति ☐ | श्रीमती ☑ | श्रिमति ☐ |
| (ख) पड़ाई ☐ | पढाई ☐ | पढ़ाई ☑ |
| (ग) तिथि ☑ | तिथी ☐ | तीथि ☐ |
| (घ) दवाईयाँ ☐ | दवाइया ☐ | दवाइयाँ ☑ |
| (ङ) ग्यानी ☐ | ज्ञानी ☑ | ज्ञानि ☐ |

3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–

(क) मुझे गरम करके चाय दो। मुझे चाय गरम करके दो।

(ख) यह कौन की किताब है? यह किसकी किताब है?

(ग) क्या आप पानी पी लिए हैं? क्या आपने पानी पी लिया है?

(घ) घर की छत में पानी टपक रहा है। घर की छत से पानी टपक रहा है।

(ङ) तेरे को क्या खाना है? तुम्हें क्या खाना है?

## ज़रा सोचिए तो

- आप अपनी वर्तनी की अशुद्धियों को दूर करने के लिए क्या करेंगे/करेंगी?

## करके देखिए

- अपने अहिंदी भाषी मित्र के साथ हिंदी में बातचीत कीजिए और देखिए कि उसके उच्चारण और आपके उच्चारण में क्या अंतर है।

## जीवन-मूल्य

- किसी भाषा को ठीक ढंग से सीखने के लिए उसे शुद्ध रूप से बोलना, पढ़ना और लिखना सीखना चाहिए।

धन्यवाद